KARNATAK LAW SOCIETY'S

KLS PU & DEGREE COLLEGE HALIYAL

Udyog Vidyanagar, Dandeli Road, Haliyal - 581329

कर्नाटक लॉ सोसाइटी के के.एल.एस पी.यु एवं डिग्री महाविद्यालय, हलियाल में दिनांक 14/09/2024 को 'हिंदी दिवस' मनाया गया। पूरे भारत में 14 सितंबर को 'हिंदी दिवस' मनाया जाता है। आजादी के बाद जब स्वतंत्र भारत की 'राजभाष' का सवाल आया तो इस पर काफ़ी विचार-विमर्श हुआ और 14 सितंबर 1949 को 'संविधान सभी' ने यह फैसला लिया कि 'हिंदी संघ की राजभाषा और लिपि देवनागर' होगी। तब से प्रत्येक वर्ष 14 सितंबर को 'हिंदी दिवस' मनाया जाता है।

'हिंदी दिवस' कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रुप में बांगूर नगर कला, विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.बी.एल गुंडुर सर आये थे। उन्होंने अपने भाषण में "भाषा, भाषा और बोली में अंतर के बारे में बताया। हिंदी साहित्य के बारे में बताते हुए हिंदी भाषा अंतर्राष्ट्रीय स्थर की भाषा है, उसका उपयोग करना चाहिए, हमे हिंदी भाषा का प्रयोग अधिक मात्रा में करना चाहिए; क्योंकि हिंदी जनमानस की भाषा है। हिंदी भाषा के द्वारा अनेक क्षेत्रों में उद्योग भी प्राप्त कर सकते हैं। हिंदी भाषा के प्रति मान, सम्मान बढ़ना चाहिए" ऐसे कहते हुए अपने बहुमूल्य विचारों को व्यक्त किए।

कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं कॉलेज के प्राचार्य श्री.श्रीनिवास प्रभु सर ने "हिंदी भाषा के उपयोग के बारे में अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने ये भी कहा कि "भाषा का प्रयोग सुचारु रुप से होना अत्यंत आवश्यक है। हिंदी हमारी भाषा है; इसलिए इसका प्रचार, प्रसार करना हमारा दायित्व है" ऐसे कहते हुए उन्होंने अपने वाणी को विराम दिया। इस कार्यक्रम में बी.सी.ए एवं बी.कॉम के संयोजिका श्रीमति. दीपा नायक मेड़म भी उपस्थित रहे।

इसी कार्यक्रम के दौरान 'हिंदी दिवस' पर आयोजित 'देशभक्तिगी' एवं 'भाषण प्रतियोगिता' में भाग लिए विजेताओं का नाम घोषित किया गया। विजेताओं के नाम निम्नलिखित हैं –

पी. यू स्थर के गायन स्पर्धा के विजेता हैं –

१. प्रथम स्थान – शाहीदा – 1st year sci - A
२. द्वितीय स्थान - सोनी जुनाजे – 2nd year sci - A
३. तृतीय स्थान - ऐमन शेख – 2nd year sci - A

डिग्री स्थर के गायन स्पर्धा के विजेता हैं –

१. प्रथम स्थान – उन्नति – Final year BCA

२. द्वितीय स्थान - दिशा - Final year BCA

पी.यू स्थर के भाषण स्पर्धा के विजेताओं के नाम इस प्रकार है –

१. प्रथम स्थान – अंकितराज शर्मा - 2nd year sci - C

२. द्वितीय स्थान – रेणुका - 2nd year sci - B

३. तृतीय स्थान मंजित शर्मा - 2nd year sci - C

डिग्री स्थर के भाषण स्पर्धा के विजेता हैं –

१. सपना आर. - Final year BCA

'हिंदी दिवस' कार्यक्रम के अतिथि महोदय का स्वागत एवं परिचय कॉलेज के प्राद्यापक डॉ.संगमेश नानन्नवर जी किया। श्रीमति.हनुमंति मोरे जी द्वारा धन्यवाद समर्पण किया गया। पी.यु द्वितीय वर्ष की छात्रा कु.सोनी जुनाजे ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया एवं पी.यु द्वितीय वर्ष का छात्र कु.अंकितराज शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन किया।

डॉ.संगमेश नानन्नवर   प्राचार्य

प्राद्यापक, हिंदी विभाग

के.एल.एस कॉलेज, हलियाल।